# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

Periodic Test – I (Round – I) 2024 – 2025

Class - 6 MM-20
Subject- Hindi Time: 1 Hrs.
Name: ____________ Roll No.:__________

***General Instructions:*** ***All questions are compulsory.***

**प्र0 1 नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प छाँटकर लिखिए–** **(1X4 = 4)**

शिक्षा का वास्तविक अर्थ और प्रयोजन व्यक्ति को व्यावहारिक बनाना होता है न कि शिक्षित होने के नाम पर अहम और गर्व का हाथी उसके मन–मस्तिष्क पर बाँध देना। हमारे देश में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से जो शिक्षा–नीति और पद्धति चली आ रही है, वह लगभग डेढ़ सौ साल पुरानी है। इसने एक उत्पादक मशीन का काम किया है, इस बात पर एकदम ध्यान नहीं दिया है कि इस देश की अपनी आवश्यकताएँ और सीमाएँ क्या हैं ? इस देश के निवासियों को किस प्रकार की व्यावहारिक शिक्षा की आवश्यकता है ? बस सुशिक्षितों, साक्षरों की एक लंबी पंक्ति इस देश में खड़ी कर दी है, जो किसी दफ़्तर में क्लर्क बनने का सपना देख सकते हैं।

**क शिक्षा का मुख्य उद्देश्य क्या है ?**

(अ) क्लर्क बनाना (ख) नौकरी दिलाना
(स) स्वतंत्रता दिलाना (द) व्यावहारिक बनाना

**ख हमारे देश की शिक्षा–नीति कितनी पुरानी है ?**

(अ) सौ साल (ख) डेढ़ सौ साल
(स) डेढ़ साल (द) पचास साल

**ग वर्तमान शिक्षा पद्धति के रहते व्यक्ति क्या सपना देख सकता है ?**

(अ) अमीर बनने का (ख) शिक्षक बनने का
(स) व्यापारी बनने का (द) क्लर्क बनने का

**घ 'साक्षर' का विलोम शब्द चुनिए–**

(अ) शिक्षित (ख) साकार
(स) निरक्षर (द) अशिक्षित

**प्र0 2 दिए गए प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर लिखिए–** **(1X4 = 4)**

क दिए गए जातिवाचक संज्ञाओं से भाववाचक संज्ञा बनाइए– **शिशु, बच्चा**

ख दिए गए विशेषण शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाइए– **हरा, मधुर**

ग व्यक्तिवाचक संज्ञा के कोई दो उदाहरण लिखिए।

घ समूहवाचक/समुदायवाचक संज्ञा के कोई दो उदाहरण लिखिए।

**प्र0 3 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **(1+2X3= 7)**

क 'वह चिड़िया जो' कविता के कवि का नाम लिखिए।

ख 'वह चिड़िया जो' कविता के अनुसार बताइए कि चिड़िया की कौन–कौन–सी विशेषताएँ हैं ?

ग चिड़िया किसके लिए और कैसे गाती है ?

घ चिड़िया को स्वयं पर गर्व क्यों है ?

**प्र0 4 दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में पत्र लिखिए–** **(5X1 = 5)**

अनुशासन का महत्त्व बताते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए।

**अथवा**

छात्रावास में रह रहे बड़े भाई को पत्र लिखकर घर–परिवार का समाचार दीजिए।

––0––